Title : Regarding deterioting situation of Law and order in Bihar.

*m01

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, बिहार में विधि व्यवस्था की स्थिति पहले से खराब है। राट्रपति शासन लगने के बाद लोगों में एक विश्वास जगा था लेकिन दिन-प्रतिदिन स्थिति और बदत्तर होती जा रही है। आतंकवादी और उग्रवादी संगठन पूरे बिहार में बहुत सक्रिय हो चुके हैं। इसका उदाहरण है कि सदन के सांसद श्री सीताराम सिंह के घर में उग्रवादी संगठन एमसीसी ने हमला किया। संयोग से वह घर में नहीं थे जिससे बाल-बाल बच गए। वहां राजनीतिक हत्याओं का दौर शुरू हो गया है। कल श्री अशोक यादव जो जल बोर्ड के अध्यक्ष थे, उनकी भी गोली मार कर हत्या कर दी गई। बिहार में जो जन-प्रतिनिधि चुने गए और जो निवर्तमान विधायक हैं, उन सब की सुरक्षा वापस ले ली गई है। बिहार में चुनाव की सरगर्मी चल रही है। वैसी स्थिति में शंका व्यक्त की जा रही है कि बिहार में ज्यादा से ज्यादा राजनीतिक हत्याएं होने की संभावना है। वहां अभी राट्रपति शासन चल रहा है यानी केन्द्र का शासन चल रहा है। बिहार की पुलिस और प्रशासन के लोग हमारी बात सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। आप अपने स्तर से होम सैक्रेटरी, भारत सरकार, बिहार के डीजीपी, होम सैक्रेटरी, चीफ सैक्रेटरी की एक बैठक बुलाएं तथा बिहार के हर दल से एक-एक प्रतिनिधि को लेकर मीटिंग करके, बिहार के जन प्रतिनिधियों की सुरक्षा का इंतजाम कीजिए ताकि हत्याएं न हो सके, उनका जन जीवन सुरक्षित रह सके। हमें उम्मीद है कि आप अभी इसके ऊपर टिप्पणी करेंगे जिससे देश जान सकेगा कि आसन बिहार के प्रति चिंतित हैं और आसन कार्रवाई करने की बात कर रहा है।

*m02

अध्यक्ष महोदय: टिप्पणी करेंगे लेकिन आप पहले बैठिए। I have said that so far as hon. Members of Parliament are concerned, it is the duty of the Administration, the Authority, the Government to provide full protection and security. Some hon. Members from Bihar have told me. I am going to look into it. I have directed my office to look into it and take up the matter with the appropriate authorities. But since you are a senior Member, you are again referring to it. I shall again call a meeting and see what can be done.

* Not Recorded.